तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 9 जून 2025



## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित का दौरा आज



**राजिम।** विधायक रोहित साहू अपने जन्मदिन के अवसर पर 9 जून को सुबह 8.45 बजे सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर दर्शन कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, खुशहाली की मंगलकामना करेंगे। सुबह 9 बजे श्री गरीबनाथ महादेव मंदिर जाएंगे। उसके बाद 10 बजे निवास स्थान राजिम के पास विधानसभा के नगरीय निकायों की पूजा-अर्चना कर पानी टेंकर प्रदाय करेंगे। सुबह 11 बजे विकासखंड स्तरीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह ग्राम सेम्हरतरा में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं भेंट मुलाकात ग्राम पिपरछेड़ी में करेंगे। यहां से रात्रि 9 बजे पुनः राजिम निवास आएंगे।

### जन्मदिन पर लगाए पौधे अब बने छायादार



**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू के पिछले वर्ष के जन्मदिन पर ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द के तत्कालीन सरपंच एवं वर्तमान विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा और आर्यन युवा समिति अध्यक्ष व वर्तमान सरपंच देवेंद्र वर्मा के नेतृत्व में युवाओं की पूरी टीम ने क्रिकेट मैदान में सैकड़ों पौधे लगाए थे। अब यह सभी पौधे युवाओं की मेहनत और नियमित देखभाल के कारण छायादार वृक्षों का रूप ले चुके हैं। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने बताया कि पौधों की नियमित सिंचाई, धूप, मिट्टी की देखरेख, समय-समय पर छंटाई और कीटनाशक दवाओं के छिड़काव से यह संभव हो सका है। गर्मी के मौसम में विशेष ध्यान रखते हुए युवाओं ने पूरे समर्पण के साथ इन पौधों की सेवा की।

### रवेली में युवाओं ने किया पौधा रोपण



**फिंगेश्वर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम रवेली में युवाओं के द्वारा पौधा रोपण किया गया। जिसमें मुकेश यदु, टिकेश्वर यदु, टीकमचंद ध्रुव, संदीप ध्रुव शामिल हुए।

## विडंबना : प्रदेश में सरकार बदलते ही पुरानी योजनाओं पर लगा ग्रहण रीपा पार्क का फंड रुका

# रीपा योजना पर ग्रहण, कबाड़ बन रहे करोड़ों के भवन और मशीनें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत भाठीगढ में रीपा योजना के तहत महिलाओं को गांव में ही रोजगार मुहैय्या कराने के लिए वर्कशॉप का निर्माण कराया गया था। यह योजना अब सफेद हाथी साबित हो रही है। पिछली कांग्रेस सरकार में इस योजना को प्रमुखता से धरातल पर लाने का प्रयास किया गया था, लेकिन कांग्रेस सरकार के जाते ही इस योजना में ताला लटक गया। पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को रोजगार व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रूरल इंडूरियल पार्क बनाया गया था जिसे रीपा योजना के नाम से जाना जाता है, जिसमें ग्रामीण महिलाओं को गांव में ही छोटे-छोटे वर्क शॉप उपलब्ध कराने की योजना थी। इस योजना के तहत आचार, शहद, मक्का प्रोसेसिंग के साथ अनेक गतिविधियों के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना थी। मैनपुर ब्लाक सहित देवभोग ब्लाक में इस योजना का यही हाल दिख रहा है। प्लान था कि इसके माध्यम से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए, महिला समूह के साथ ही छोटे उद्यमियों को यहां से बढ़ावा मिले, छोटे उत्पादों की सीधे मैन्युफैक्चरिंग इकाई लगाई जाए। इसे आजीविका केंद्र की तरह संचालित किये जाने का मंसूबा था, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले किंतु भूपेश सरकार के जाने के बाद इंडूरियल पार्क का बुरा हाल है। इंडूरियल पार्क की मशीनें जंग खा रही है। मैनपुर विकास खंड के भाटीगढ़ सहित देवभोग ब्लाक के कदलीमुडा और अमलीपदर के रीपा सेंटर का भी यही हाल है।

### करोड़ों की लागत से बनी थी परियोजना

महात्मा गांधी इंडूरियल पार्क स्थापित किया गया है इस परियोजना में ऐसे आंत्रप्रेन्योर को जोड़ने का प्लान था, जिसके पास या तो अपनी जमीन नहीं है या फिर पूंजी की कमी है ऐसे बेरोजगारों को यहां काम देने का प्लान तैयार किया गया था यहां विशाल भवन के साथ बाउंड्री वॉल, शेड, रोड और अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हुआ हालांकि काफी सारे काम अधूरे भी है इस इंडूरियल पार्क में लघु और सूक्ष्म कुटीर उद्योगों के क्रियान्वयन की योजना थी जहां गोबर पेंट यूनिट, प्लास्टिक रीसायकल ग्रेन, टायर री ट्रेडिंग, ऑटोमोबाइल सूक्ष्म इंडस्ट्री, अगरबत्ती, नमकीन की फैक्ट्री, नारियल के बूच से रस्सी का निर्माण, पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर यूनिट और अन्य लघु परियोजनाओं को भी संचालित करने का प्लान बनाया गया था जिसका कुल बजट प्रारंभिक तौर पर 2 करोड़ रुपए था , भाठीगढ रिपा योजना के तहत भवन में लगभग एक करोड़ रूपया के मशीन भी लगाए गए हैं कुछ दिन यहां महिलाओं को काम भी मिला महिलाओं के द्वारा यहां अचार पापड़ अगरबत्ती सलोनी वा कई प्रकार के उत्पादन तैयार किया जा रहे थे जिससे उनका आर्थिक लाभ भी मिल रहा था और तो और मक्का प्रोसेसिंग के लिए भी मशीन लगाए गए हैं,गोबर से पेंट बनाने के साथ ही अन्य गतिविधियों के संचालन की भी योजना थी आजीविका केंद्र की तरह इसे संचालित किया जाना था जहां से लोगों को रोजगार मिलता और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती लेकिन सरकार बदलते ही फंड पूरी तरह से रोक दिया गया।




### इंफ्रास्ट्रक्चर हो रहा कबाड़

*छत्तीसगढ़ में सरकार बदली और इसके साथ ही योजना पर ग्रहण लग गया। जहां टेंडर के जरिए ठेकेदारों से कार्य भी कराए गए गोबर से पेंट बनाने वाली इकाई की मशीनों को इंस्टॉल किया गया लेकिन इसका उपयोग ही नहीं हो सका। अब हालात ये हैं कि मशीन में जंग लग रही है रोड के साथ ही शेड निर्माण किया गया इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए नींव खोदकर भवन निर्माण कर ढेर सारे कार्य किए गए चौकीदार की भी यहां तैनाती थी, काफी हद तक काम शुरू भी कर दिए गए थे शेष बचे हुए विकास कार्य होने थे लेकिन इसी बीच चुनाव हुआ और सरकार बदल गई जिसके बाद अब यहां किए जाने वाले सारे काम पूरी तरह से ठप पड़ चुके हैं इस केंद्र का क्या होगा इस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है।*

### कोई कार्य नहीं चल रहा

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यकाल अधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया की रिपा योजना के तहत मैनपुर भाठीगढ और अमलीपदर में वर्तमान समय में कोई कार्य नहीं चल रहा है। भवन का निर्माण किया गया है और वहां कई प्रकार के महंगे मशीन लगाए गए हैं। उन्होंने बताया की कुल कितने लागत से निर्माण किया गया है इसकी जानकारी फाइल देखकर ही बता पाऊंगी।

### एक करोड़ की लागत से बना भवन अब खंडहर में तब्दील

ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार से जोड़ने रीपा के तहत कार्य किए गए। इसे लेकर भारी भरकम राशि खर्च की गई। कार्य पूरा तो हो गया लेकिन शुरू होने से पहले ही खंडहर में तब्दील हो रहा है मिली जानकारी के अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि के सात मनरेगा राशि का उपयोग हुआ है। लगभग 20 एकड़ जमीन में बड़े-बड़े विशाल भवन का निर्माण लगभग एक करोड रुपए की लागत से किया गया है, कुछ दिन तक यहां कार्य भी प्रारंभ किया गया था लेकिन अब पूरी तरह कार्य बंद है और तो और भवन का जो निर्माण किया गया है उसके कांच दरवाजे टूटने फूटने लगे हैं।

### तार फेंसिंग का पैसा कब तक नहीं मिला

ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के पूर्व सरपंच जिलेद्र नेगी ने बताया की रिपा योजना के तहत भवन का निर्माण लगभग एक करोड़ रुपए के लागत से किया गया है। मनरेगा योजना के तहत भी इसमें काम करवाया गया है। यह काफी महत्वपूर्ण योजना है लेकिन सरकार बदलने के बाद से योजना बंद हो गई। उन्होंने बताया की भवन के चारों ओर तार फेंसिंग जो किया गया है उसका लगभग 10 लाख रुपए खर्च किया गया है जो आज तक नहीं मिला है। कई बार आवेदन देकर थक चुके हैं लेकिन इस पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। दुकानदार और मजदूरों को पैसा देना है।

# सचिव की धोखाधड़ी के खिलाफ समूह की महिलाओं ने विधायक ध्रुव को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

जिले के ग्राम बरोण्डा में कांग्रेस नेता भुनेश्वर सिन्हा एवं परिजनों से भेंट मुलाकात करने आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव पहुंचे जहां की जय माँ वैष्णवी स्व सहायता समूह की पीड़ित महिला सदस्यों ने विधायक जनक ध्रुव जी से गरियाबंद में भेंट कर एक गंभीर शिकायत संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समूह की सचिव सोनिया निषाद, पति लोकेश्वर निषाद पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने समूह की सहमति और जानकारी के बिना 45,000 रुपए की नकद राशि फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से आहरित की है। इसके अतिरिक्त, सचिव ने समूह के नाम से 3,00,000 रुपए का ऋण राशि को पकड़ अपने पति जो कि डाक विभाग का कर्मचारी है, बच्चों सहित ग्राम बरोण्डा से फरार हो गई हैं। महिलाओं ने बताया कि आरोपी सचिव के दोनों मोबाइल नंबर पूर्णतः बंद हैं, जिससे संपर्क स्थापित करना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे यह संदेह और भी गहराता है कि यह योजना पूर्व नियोजित धोखाधड़ी हो सकती है। समूह की सदस्यों ने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर पूर्व में जनपद पंचायत फिंगेश्वर और थाना राजिम में लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस या न्यायोचित कार्यवाही नहीं की गई है। इससे पीड़ित महिलाएं अत्यंत मानसिक तनाव एवं आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रही हैं। महिलाओं ने ज्ञापन सौंप विधायक श्री ध्रुव से निवेदन किया है कि पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को निर्देशित कर इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच करवाई जाए। आरोपी सचिव के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाए। समूह को हुई आर्थिक हानि की वसूली सुनिश्चित की कर, सभी पीड़ित महिलाओं को न्याय, आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।



### विधायक दिया कार्यवाही का आश्वासन

श्री ध्रुव ने महिलाओं की बात को गंभीरता से सुना और पीड़ित समूह को हरसंभव सहायता एवं न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे संबंधित अधिकारियों से बात कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। ज्ञापन सौंपने वाली महिलाओं में ज्ञापन देने वालों में समूह अध्यक्ष सुरेखा बाई ,सोम निषाद ललिता निषाद,नीरा निषाद,धनेश्वरी, ऊषा सिन्हा, लोकेश्वरी सिन्हा, पूजा सेन, दुरपति, माधुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय कथावाचक युवराज पाण्डेय के स्वागत में निकली भव्य बाइक रैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

प्रदेश की पावन माटी से जन्मे, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय गुरुजी बाइक रैली निकालकर उनका अभिनंदन किया। यह रैली मालगांव से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों ने फूल-मालाओं से गुरुजी का ज़ोरदार स्वागत किया।

पंडित युवराज पाण्डेय तिरंगा चौक से सीधे सिविल लाइन स्थित राम मंदिर पहुंचे, जहां आगामी रथ यात्रा को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के सदस्य और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि वर्तमान में पंडित युवराज पाण्डेय की कथा मध्यप्रदेश में चल रही थी, जिसमें वहां के श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मिलित होकर भावविभोर हो रहे थे। मध्यप्रदेश में गरियाबंद के इस सपूत की ख्याति देखकर जिलेवासियों में हर्ष का वातावरण है। अपनी कथा यात्रा पूर्ण कर 8 जून को गुरुजी ने छत्तीसगढ़ में पुनः प्रवेश किया। इस शुभ अवसर पर मैनपुर ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



वहीं 9 जून, सोमवार को धवलपुर एवं मैनपुर नगर में भी भव्य स्वागत की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। गरियाबंद जिले के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि जिले की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर उजागर हो रही है। पंडित युवराज पाण्डेय की उपस्थिति से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण सघन हो गया है।

# भेण्डरी मार्ग पर रेत से भरी हाईवा पलटी

**नवापारा - भेण्डरी।** नवापारा-मगरलोड मुख्य मार्ग में ग्राम भेण्डरी बाजार चौक के पास रेत से भरी हाईवा क्रमांक सीजी 08 ए डब्लू 7900 पलट गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह घटना रात्रि तीन बजे की है। शायद ड्राईवर को झपकी आ गया होगा। हाईवा पलटने से शासकीय प्राथमिक स्कूल का दीवाल गिर गया। गनीमत रहा कि इस घटना में किसी भी प्रकार से जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।




# 32 वर्षों से भटक रहे किसानों को अब मिला न्याय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**

चम्पारण के उन 10 किसानों के जीवन में अब तीन दशक से भी ज्यादा होने के बाद आखिरकार खुशियां लौटी और अब उन्हें चैंन की नींद आई जब पूर्व केबिनेट मंत्री-सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इनकी समस्या हल किया। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता टीकम चंद साहू ने बताया कि चम्पारण जैसे अन्तर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल में सन 1992 में श्री महाप्रभु जी प्राकट्य बैठक जी ट्रस्ट ने मन्दिर निर्माण कार्य के लिए जरूरत पड़ने पर दान से प्राप्त कृषि भूमि को वहां के किसानों को विक्रय किया था जिसकी पूरी राशि अदायगी उसी समय कर दी गई थी,जिसका एग्रीमेंट बाकायदा स्टाम्प पेपर में गवाही सहित हुआ था। किन्तु पेंच ट्रस्ट की जमीन होने के कारण कलेक्टर की अनुमति जरूरी थी जो यहां किसानों के वश की बात नहीं थी और इसलिए वे 32 वर्ष तक निरंतर पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम, अपर कलेक्टर और कलेक्टर के चक्कर लगाते लगाते थक-हारकर चुप बैठ गये थे तब उन्होने किसानो को लेकर श्री अग्रवाल के पास ले गए। पूरे दस्तावेज पेश कर इनकी समस्याओं से अवगत कराया। श्री अग्रवाल ने तत्काल कलेक्टर को तलब कर इस प्रकरण का निराकरण करने के लिए निर्देश दिया। महज पांच माह के भीतर ही कलेक्टर गौरव सिंह की अनुमति मिल गई और पंजीयन के साथ प्रमाणीकरण होने के बाद इन सभी किसानों का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) भी बन गया। टीकम चन्द साहू ने बताया कि इन किसानो के साथ रायपुर जाकर राधाकृष्ण की चांदी की मूर्ति एवं शॉल श्रीफल भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।











प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला गरियाबंद मो.: 9993223300,उरेन्द्र साहू संवाददाता कोपरा
















संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068







संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127







संकलनकर्ता- वेद प्रकाश यादव, हरिभूमि संवाददाता, पाण्डुका मो. 9926134370

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 9 जून 2025



12 बिन्द्रानवागढ़ में कांग्रेस को झटका, 31 कार्यकर्ताओं...





12 पाण्डुका में वन सभापति ने किया पौधारोपण






## खबर संक्षेप

### बस्तर में अटका मानसून तापमान में वृद्धि दर्ज



**राजिम।** क्षेत्र में गर्मी का कहर एक बार फिर से बढ़ गया है। तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। विगत 8 दिनों से बारिश न होने एवं तेज धूप से दिन का पारा चढ़ गया है। लोग अब दोपहर में निकलने से परहेज करने लगे हैं। बता दें कि पूरे मई माह में आंधी तूफान एवं बारिश ने कहर मचाया है। जिससे मई में पड़ने वाली तेज गर्मी इस साल नहीं पड़ी। चूंकि मानसून ने समय से पहले दस्तक दे दी है। लिहाजा किसानों एवं आम लोगों को मानसून की फुहार का बेसब्री से इंतजार है। किसानों ने खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी है। कृषक साथियों ने अकरस पानी से जुताई कर ली है। कृषि केंद्रों में बीज के ग्राहक बढ़ गए है। ट्रैक्टर वर्कशॉप में ट्रैक्टर की सर्विसिंग की भीड़ देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जिले में आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी लगातार बढ़ेगी। दक्षिण-पश्चिम मानसून फिलहाल बस्तर में अटका हुआ है। अनुमान है कि बस्तर में मानसून 11 जून तक रुका रहेगा। इसका मुख्य कारण उत्तर में स्थित पश्चिमी विक्षोभ है। जिसके प्रभाव से हवा की दिशा में बदलाव आ गया है। इस बदलाव के कारण मानसूनी हवा की गति प्रभावित हुई है। मानसून आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हालांकि 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी में एक नया मानसूनी सिस्टम बनने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। इस सिस्टम से अटका हुआ मानसून को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

### परसदा में मनाया गया रोजगार पखवाड़ा दिवस



**नवापारा-राजिम।** परसदा में रोजगार पखवाड़ा दिवस मनाया गया जिसमें गांव के सरपंच रमेश वर्मा, सचिव पंचायत रामचंद्र तारक, रोजगार सहायिका माधुरी साहू, टिकेश्वर प्रसाद यादव, योगेश यादव, मोहन साहू, हरिश्चंद्र साहू, सब इंजीनियर मनरेगा राकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। टीकू यादव ने बताया कि महीने के 7 तारीख को मनरेगा मजदूरों का हर माह रोजगार दिवस मनाया जाता है। वर्तमान में गांव के 9 वार्ड के मनरेगा श्रमिकों द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसमें कच्ची धरसा निर्माण, नहर एवं नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दोनों कार्य में लगभग 300 से अधिक श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं जिससे श्रमिकों के आय एवं आजीविका में समृद्धि और सशक्त साधन मनरेगा कार्य बन रहे हैं। इस तरह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है वही है बहुत सारे निजी कार्य मनरेगा के तहत कुआं निर्माण, सुअर शेड, बकरी शेड निर्माण कराया जा रहा है।

### जलापूर्ति पाइपलाइन के विस्तार से वार्डवासियों में हर्ष



**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर के संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास वार्ड क्रमांक 5 में लंबे समय से चल रहे पेयजल संकट को दूर करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे और वार्ड पार्षद आसकरण गिलहरे के प्रयासों से नया बोर, मशीन और मोटर लगाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके साथ ही वार्ड में पाइपलाइन का विस्तार और पेयजल टंकी निर्माण का भी कार्य तेज़ी से प्रगति पर है, जिससे आने वाले दिनों में पानी की समस्या से राहत मिलने की पूरी संभावना है।

समस्या : वनांचल क्षेत्र में पीएम आवास ग्रामीणों के जान बचाने में सुरक्षा कवच साबित

# हाथियों के डर से पीएम आवास की छत पर पॉलीथिन का मचान, ग्रामीण गुजारते हैं रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- ग्रामीणों ने पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री साय के प्रति जताया आभार

प्रधानमंत्री आवास हाथी प्रभावित ग्रामों में ग्रामीणों के जान बचाने में अब तक कारगर साबित हुआ है। हाथियों के दल के द्वारा ग्रामीणों के कच्चे मकानों को तोड़फोड़ कर जहां एक ओर तहस-नहस किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कच्चे मकान के भीतर रखें राशन सामग्री और अन्य सामग्रियों को सपा चट कर दिया जा जाता है। जिले के मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत दूरस्थ वनांचल में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास बेहद कारगर साबित हो रहा है हाथियों का दल इन गांवों के भीतर लगातार प्रवेश कर यह एक और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरी और मकान को तोड़फोड़ कर रहे हैं ऐसे में प्रधानमंत्री आवास के ऊपर मचान बनाकर ग्रामीण अपनी जान की सुरक्षा कर रहे हैं। ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के आदिवासी विकास खंड मैनपुर क्षेत्र के लगभग चार दर्जन से अधिक ग्रामों के लोग पिछले 10 वर्षों से जंगली हाथियों के आतंक से थर्रा उठे हैं हाथियों के दल कभी भी इन ग्रामों में अचानक पहुंच जाता है सिकासर हाथियों का दल इस क्षेत्र के ग्रामों में भारी नुकसान ▶▶| शेष पेज 12 पर



पीएम आवास के ऊपर मचान बनाकर रात गुजारते ग्रामीण

मैनपुर क्षेत्र के हाथी प्रभावित ग्राम लुठापारा,खोलापारा छिन्दौला, लेड़ीबहार, सिंहार के ग्रामीण रामसिंह कमार, मंगलु राम कमार, मंगतीन बाई, बिसाहीन, चैतुराम, भरत ने बताया कि हाथियों का दल कभी भी हमारे इस क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। हाथियों के दल आने से अब ग्रामीण सीधे प्रधानमंत्री आवास के तहत निर्माण किए गए पक्के मकान के छत पर चढ़ जाते हैं। ग्रामीण लखन सोरी, मनबोद, सुखराम, जय सिंह, लाचूराम, भगवानों सोरी ने बताया की जैसे ही हाथी गांव के तरफ आते दिखाई देता है इसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही सभी ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास के छतों पर अपने बाल बच्चों एवं बुजुर्गों को लेकर चढ़ जाते हैं साथ ही आवास में असानी से चढ़ सके इसलिए लकड़ी के सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों ने बताया की प्रधानमंत्री आवास नहीं होता तो बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता क्योंकि हमारे मकान कच्ची मिट्टी के बने झोपड़ी नुमा है जिसे हाथियों के दल तोड़फोड़ कर देता है। ग्रामीणों ने कहा की इस क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देना चाहिए हाथी प्रभावित ग्रामों में जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण किया जाना चाहिए आज भी सैकड़ों ग्रामीण कच्चे झोपड़ी में निवास कर रहे हैं ऐसे ग्रामीण दूसरे ग्रामीणों के प्रधानमंत्री आवास में आश्रय लेने मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के प्रति दिल से आभार जताते हुए कहा सरकार को चाहिए कि गांव से हाथियों को दूर रखने के लिए कोई ठोस योजना बनाया जा,हाथी कोई भी गांव में अचानक पहुंच जाता है और पूरा रात भर गांव के अंदर और आसपास जमकर धान मक्का एवं दलहन तिलहन की फसल को ▶▶| शेष पेज 12 पर

### कोयलीबेड़ा के ग्रामीण पेड़ के ऊपर चढ़ते है

मैनपुर क्षेत्र के ग्राम कोयलीबेड़ा में तीन चार घर के ग्रामीण निवास करते है जो झोपड़ियों में रहते है इस ग्राम में एक सप्ताह के भीतर तीन बार हाथियों ने दबिश दिया है जिसके कारण ग्रामीण जान बचाने के लिए शाम होते ही पेड़ के उपर मचान बनाकर रात बीताने मजबूर हो रहे है। हाथियों के बचाव के लिए और गांव में हाथी प्रवेश करने पर खदेड़ने के लिए वनविभाग द्वारा क्षेत्र के कई गांव में सायरन लगाया गया है लेकिन ग्राम लुठापारा के सायरन पिछले एक वर्ष से खराब है अब तक कोई सुधार नही हुआ है।

### सैकड़ों आवास अधूरे

जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास हाथियों से सुरक्षा के लिए जहां ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ है। वहीं अभी भी सैकड़ों आवास निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। इन आवास निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया की हाथी प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले सभी कच्चे मकान वाले ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाना चाहिए जिससे ग्रामीण अपनी सुरक्षा कर सके और तो और ग्रामीणों ने गांव में बिजली के साथ ही हाथी से बचाव के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने की भी मांग की है।

# उत्तर पुस्तिका पुनः जांच की मांग, नवीन महाविद्यालय के छात्रों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय मैनपुर के बीएससी सेकंड ईयर एवं बीएससी फाइनल के छात्र छात्रओ ने रसायन शास्त्र के उत्तर पुस्तिका का गंभीरता पूर्वक पुनर्मूल्यांकन कराने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम नवीन महाविद्यालय मैनपुर के प्राचार्य डॉ बी के हरिप्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा गया। छात्र छात्रओ ने कहा की हम छात्र-छात्राओं द्वारा रसायन शास्त्र प्रश्न पत्र का उत्तर सही एवं विस्तार पूर्वक लिखा गया था परंतु परिणाम निराशाजनक रहा इसलिए हम छात्र–छात्राएं मांग करते हैं कि उक्त उत्तर पुस्तिका का गंभीरतापूर्वक पुनर्मूल्यांकन करते हुए दोषियों पर कार्यवाही किया जाए साथ ही मूल्यांकन का परिणाम अति शीघ्र जारी हो जिससे छात्र–छात्रओं को पूरक एवं अगली कक्षाओं की तैयारी के लिए समयबाध्य न होना पड़े। एनएसयुआई नेताओं ने कहा की हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को उनके वास्तविक प्रयासों की तुलना में अत्यंत कम अंक प्राप्त हुए हैं। छात्रों की आशंका हैं कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में त्रुटि या लापरवाही हुई है। जिसकी विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने ज्ञापन के माध्यम से यह मांग किए है कि छात्रों की उत्तर पुस्तिका की निष्पक्षता से पुनः जांच की जाए। इस दौरान ज्ञापन सौपने वालों में छात्र गणेश, रामकुमार, परमेश्वर, सुजल साहू, भावेश साहू, प्राची सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण में लापरवाही, बीईओ मतावले पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- शिक्षकों की वरिष्ठता छिपाने और काउंसलिंग में अव्यवस्था के गंभीर आरोप

छुरा विकासखंड के शिक्षा अधिकारी केएल.मतावले के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय, गरियाबंद ने बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। मतावले पर शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण (रैशनलाइजेशन) प्रक्रिया में शासन के दिशा-निर्देशों की खुली अवहेलना, समयबद्ध कार्य योजना की अनदेखी और जानबूझकर गलत जानकारी प्रस्तुत करने के आरोप लगे हैं। इस सिलसिले में प्रशासन ने उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच की अनुशंसा करते हुए प्रस्ताव स्कूल शिक्षा विभाग, रायपुर को भेजा है। शिक्षकों की पदस्थापना में हो रही गड़बड़ियों को लेकर हरिभूमि अखबार में लगातार खबरें प्रकाशित हुई थीं। इनमें बताया गया था कि युक्तियुक्तकरण के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं, जिससे काउंसलिंग प्रक्रिया में अव्यवस्था फैली और जिला प्रशासन की छवि प्रभावित ▶▶| शेष पेज 12 पर



युक्तियुक्तकरण पर विवाद, छुरा बीईओ पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में 1 से 3 जून के बीच शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। ओपन काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न संवर्गों के अतिशेष शिक्षकों को रिक्त पदों पर पदस्थ किया गया। लेकिन इस प्रक्रिया में छुरा विकासखंड में बड़ी लापरवाहियां और अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके चलते बीईओ (विकासखंड शिक्षा अधिकारी) छुरा के निलंबन के लिए शासन को अनुशंसा भेजी गई है। गुरुवार को जिला मुख्यालय में ... छुरा ब्लॉक में कई मामलों में नियमों ... घोषित नहीं किया गया, जबकि नियम

### जानबूझकर वरिष्ठता छिपाई, अतिथि शिक्षकों की गणना में गड़बड़ी

प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार, छुरा विकासखंड से संबंधित सूचनाएं शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत नहीं की गईं। कई शिक्षकों की वरिष्ठता को छिपाया गया और अतिथि शिक्षकों की गणना में मूल संस्था की अनदेखी की गई। उदाहरण के तौर पर, प्राथमिक शाला टिकरापारा रानीपरतेवा और सतनामीपारा रानीपरतेवा में शिक्षिका कुंज दीवान को जानबूझकर कनिष्ठ दिखाकर काउंसलिंग के लिए बुलाया गया, जबकि वे वरिष्ठ थीं।

### शालाओं की गलत जानकारी विभागीय नुकसान

माध्यमिक शाला सांकरा में पाँच शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद किसी को अतिशेष घोषित नहीं किया गया। इसी तरह, हाई स्कूल सेम्हरा, घटकर्रा और हायर सेकेण्डरी विद्यालय पंक्तिया में अतिथि शिक्षकों की गलत गणना की गई। हाई स्कूल पेण्ड्रा में संचालित वाणिज्य संकाय को गैर-संचालित बताकर व्याख्याता मधु वर्मा को अतिशेष घोषित किया गया, जबकि वास्तविक स्थिति इसके विपरीत थी।

# फिट इंडिया पहल में जिला पुलिस की 10 किमी दौड़, विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





फिट इंडिया मूवमेंट के तहत गरियाबंद पुलिस ने रविवार को एक विशेष फिटनेस दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पुलिस जवानों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस आयोजन का शुभारंभ कोड़ोहरदी मोड़ से हुआ, जहां से दौड़ ग्राम कोड़ोहरदी तक संपन्न हुई। इस मौके पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा स्वयं पुलिस जवानों के साथ दौड़ में शामिल हुए। उनके साथ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, डीएसपी गोपाल वैश्य, एसटीएफ कंपनी कमांडर इंद्र कुमार शिवानी तथा रक्षित निरीक्षक सनत कुमार ठाकुर भी मौजूद रहे।

दौड़ में एसटीएफ के जवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र कुमार यादव ने प्रथम स्थान, शिवकुमार ने द्वितीय और शशिकांत महिलांगे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता जवानों को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने दैनिक जीवन में व्यायाम, दौड़, योग और प्राणायाम को शामिल करें ताकि शरीर स्वस्थ और स्फूर्तिवान बना रहे। उन्होंने कहा, फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आदत होनी चाहिए। गरियाबंद पुलिस की यह पहल समाज में फिटनेस और अनुशासन के प्रति एक प्रेरणास्पद संदेश देती है।

# बारोंडा स्कूल में अवेंजर्सग्रुप ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्यामनगर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम बारोंडा के हाई स्कूल प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल में स्थानीय युवा संगठन अवेंजर्स ग्रुप ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में कई फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती ललिता अग्रवाल, शिक्षक वर्मा सर, अवेंजर्स ग्रुप के संरक्षक आर्यन सर, योगेंद्र वर्मा, भोज साहू, रूपेंद्र, प्रीतम टेमन साहू, हेमंत यादव तथा स्कूली छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित ▶▶| शेष पेज 12 पर

सुबह 10 बजे के बाद से सड़कों पर सन्नाटा

# नौतपा के बाद भीषण गर्मी का कहर, उमस से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



नौतपा की समाप्ति के बाद क्षेत्र में गर्मी ने फिर से अपना विकराल रूप धारण कर लिया है। 25 मई से शुरू हुआ नौतपा इस बार अपेक्षाकृत शांत रहा और शुरुआती कुछ दिनों में बारिश के चलते लोगों को कुछ राहत भी मिली। लेकिन 2 जून को नौतपा समाप्त होने के बाद से गर्मी ने एक बार फिर कम बैक किया है और इस बार की लहर कहीं अधिक तीव्र और झुलसाने वाली साबित हो रही है।

समूचा अंचल इन दिनों लू और भीषण गर्मी की चपेट में है। प्रतिदिन तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, जिससे आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह 10 बजे के बाद से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है और दोपहर 5 बजे तक लोगों की आवाजाही बेहद कम देखी जा रही है। लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं और आवश्यक कार्यों को भी सुबह या देर शाम तक टाल रहे हैं। सरकारी दफ्तरों में भी इसका असर साफ नजर आ रहा है। अधिकांश विभागों में गिने-चुने कर्मचारी ही पहुंच रहे हैं। बाजारों में भी खरीदारों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। स्कूलों में छुट्टियों का लाभ बच्चों को जरूर मिला है, लेकिन गर्मी के थपेड़े उनके स्वास्थ्य पर असर डाल रहे हैं।

### मानसून की सुस्त चाल से बढ़ी परेशानी

क्षेत्र में गर्मी से राहत की उम्मीदें मानसून से जुड़ी थीं, लेकिन इस बार भी मानसून की चाल धीमी नजर आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून इस बार छत्तीसगढ़ में औसतन 13 दिन पहले पहुंच गया था, परंतु अब तक क्षेत्र में इसकी दस्तक नहीं हो सकी है। कभी धूप, कभी बादल और कभी उमस का खेल जारी है। इस असमंजस भरे मौसम ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। नदी-नालों और तालाबों को मानसूनी बारिश का इंतजार है। खेतों की मिट्टी सूखने लगी है और किसान चिंतित हैं। अगर जल्द ही मानसून सक्रिय नहीं हुआ, तो यह खरीफ फसल के लिए भी संकट का कारण बन सकता है। फिलहाल लोगों को राहत के लिए मानसून का बेसब्री से इंतजार है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को भी चाहिए कि वे इस गर्मी में लोगों को जागरूक करें और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करें। गर्मी से बचाव के लिए लोग पर्याप्त पानी पीने, धूप में निकलने से परहेज करने और हल्के व सूती कपड़े पहनने की सलाह पर अमल करें।

# गांजा सप्लाई करते ओडिशा के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- अवैध गांजा सप्लायरों के खिलाफ गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जिले में अवैध गांजा तस्करी पर लगाम लगाने के लिए गरियाबंद पुलिस ने इंड-टू-इंड कार्रवाई करते हुए दो फरार सप्लायर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में साइबर सेल की विशेष भूमिका रही। दोनों आरोपी उड़ीसा राज्य के कंधमाल और कोरापुट जिलों के निवासी हैं।

थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में 7 जनवरी 2025 को दर्ज NDPS एक्ट के प्रकरण क्रमांक 03/2025 में आरोपी जगदीश भाटिया को 83.300 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान मामले में शामिल सप्लायर की पहचान भुयना दिगल (पिता नानीगा ▶▶| शेष पेज 12 पर












संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला गरियाबंद मो.: 9993223300,उरेन्द्र साहू संवाददाता कोपरा




संकलकर्ता : तेजराम ध्रुव, लक्ष्मण कुमार ध्रुव, धर्मेंद्र कुमार यादव, हरिभूमि संवाददाता, मुड़ागांव मो.: 8085713983







संकलनकर्ता : तेजराम ध्रुव, लक्ष्मण कुमार ध्रुव, धर्मेंद्र कुमार यादव, हरिभूमि संवाददाता, मुड़ागांव मो.: 8085713983












संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068












संकलनकर्ता : तेजराम ध्रुव, लक्ष्मण कुमार ध्रुव, धर्मेंद्र कुमार यादव, हरिभूमि संवाददाता, मुड़ागांव मो.: 8085713983


9 जून
मान. रोहित साहू जी
(विधायक राजिम)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवेत शरदः शतम्
उपेन्द्र साहू
हरिभूमि संवाददाता, कोपरा मो. 9098047551
गोरेलाल सिन्हा
ब्यूरोचीफ हरिभूमि, गरियाबंद मो. 9993223300


9 जून
तुम जियो हजारों साल साल के दिन हो पचास हजार ..... युवाओं के प्रेरणास्रोत, युवा हृदय सम्राट, राजिम विधायक
मान. रोहित साहू को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती लता बाई ध्रुव
सरपंच - ग्राम पंचायत सहसपुर
श्रीमती विद्या साहू
उपसरपंच - ग्राम पंचायत सहसपुर
श्री नरशु राम ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि - ग्राम पंचायत सहसपुर
श्री भैय्यालाल साहू
सचिव - ग्राम पंचायत सहसपुर
वार्ड क्रमांक 01
श्रीमती टुकेश्वरी साहू
वार्ड क्रमांक 02
श्रीमती रेखा बाई साहू
वार्ड क्रमांक 03
श्रीमती किरण बाई साहू
वार्ड क्रमांक 04
वार्ड क्रमांक 06
श्रीमती यामनी कंवर
वार्ड क्रमांक 07
वार्ड क्रमांक 08
वार्ड क्रमांक 09
वार्ड क्रमांक 10
श्रीमती नंदनी साहू
वार्ड क्रमांक 11
श्रीमान संतराम साहू
वार्ड क्रमांक 12
वार्ड क्रमांक 13
पंचायत भृत्य
मा. रोहित साहू
विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र
विनीत- ग्राम पंचायत सहसपुर व समस्त पंचगण ग्राम सहसपुर (कोपरा)


सरल स्वभाव, सौम्य वाणी, विकास पुरुष
और जनसेवा के लिए समर्पित व्यक्तित्व के धनी
श्री रोहित साहू जी
माननीय विधायक राजिम
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत
जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण
एवं भूमिपूजन कार्यक्रम
सरिता साहू
सरपंच
सुरेन्द्र कुमार साहू
उपसरपंच
संतोष साहू
सचिव
अंजनी साहू
पंच, वार्ड क्र.1
श्रवण कुमार
पंच, वार्ड क्र.2
रेखा साहू
पंच, वार्ड क्र.3
उत्तम बंजारे
पंच, वार्ड क्र.4
लक्ष्मी तारक
पंच, वार्ड क्र.5
राधेश्याम साहू
पंच, वार्ड क्र.6
नकुल साहू
पंच, वार्ड क्र.7
पार्वती साहू
पंच, वार्ड क्र.9
केवरा धृतलहरे
पंच, वार्ड क्र.10
ओमप्रकाश साहू
पंच, वार्ड क्र.11
रेखाबाई साहू
पंच, वार्ड क्र.12
लक्ष्मण राम
पंच, वार्ड क्र.13
लक्ष्मी साहू
पंच, वार्ड क्र.14
मुनिया तारक
पंच, वार्ड क्र.15
लक्ष्मण साहू
पंच, वार्ड क्र.16
भागवती साहू
पंच, वार्ड क्र.17
शिवकुमार साहू
पंच, वार्ड क्र.18
शिलोचनी साहू
पंच, वार्ड क्र.19
उमेश्वरी साहू
पंच, वार्ड क्र.20
नंदनी विश्वकर्मा
रोजगार सहायक
गिरधर साहू
आवास मित्र
ओमप्रकाश साहू
कम्प्यूटर ऑपरेटर
भोजराम साहू
पंचायत भृत्य
विनीत - समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामवासीगण, ग्राम पंचायत देवरी







संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127







संकलनकर्ता - गोरेलाल सिन्हा हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला-गरियाबंद, मो.: 9993223300, उरेन्द्र साहू संवाददाता कोपरा







संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख जिला गरियाबंद मो.: 9993223300,उरेन्द्र साहू संवाददाता कोपरा










संकलनकर्ता : तेजराम ध्रुव, लक्ष्मण कुमार ध्रुव, धर्मेंद्र कुमार यादव, हरिभूमि संवाददाता, मुड़ागांव मो.: 8085713983

## खबर संक्षेप

### पाण्डुका में वन सभापति ने किया पौधारोपण



**राजिम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती स्निग्धा शर्मा ने पाण्डुका में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंग, उप वनमंडलाधिकारी विकास चंद्राकर, वनपरिक्षेत्र अधिकारी संतोष चौहान, उपनिरीक्षक जयप्रकाश नेताम सहित वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर चारोधाम चौक पाण्डुका से पोंड़ तक बाईक रैली निकालकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इसी तरह थाना परिसर पाण्डुका में भी पौधा रोपण किया गया।

### सशिमं में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान



**अभनपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अभनपुर में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को विद्यालय परिवार एवं समिति सदस्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से जिला स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के पालकों को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि पालकों के सहयोग और समर्पण को भी सार्वजनिक रूप से सराहा गया। प्रोत्साहन- इस अवसर पर ज्ञान भारती शिक्षण समिति के अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक मेहनत कर सफलता की ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

### सियासत : बिंद्रानवागढ़ सीट पर 15 साल भाजपा राज कर चुकी : ध्रुव

# बिन्द्रानवागढ़ में कांग्रेस को झटका, 31 कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

चार बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की कमान संभालने वाले श्याम लाल सोनी, जिला मंत्री सुरज शर्मा समेत 31 कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा। वहीं अब कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पूछ परख नहीं रही। बिंद्रानवागढ़ भले ही भाजपा का गढ़ माना जाता था पर ब्लॉक मुख्यालय देवभोग में हमेशा कांग्रेस का दबदबा बना रहता था लेकिन आज इसी मुख्यालय से 31 कर्मठ कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश कर लिया है। नगर पंचायत से भाजपा की प्रत्याशी रही अनिता विकास उपाध्याय, पार्षद प्रतिमा सोनी, देवकी यदु के नेतृत्व में कांग्रेसी नेता भाजपा जिला कार्यालय पहुंच भाजपा प्रवेश किया भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, वरिष्ठ नेता गोवर्धन मांझी, कुंज बिहारी बेहेरा समेत देवभोग मंडल अध्यक्ष एवम भाजपाइयों ने सभी नवप्रवेशी का स्वागत किया है।



#### इन्होने किया प्रवेश

श्याम लाल सोनी 4 बार के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, सूरज शर्मा जिला मंत्री गरियाबंद, बिलभद्र यादव सेवा दल अध्यक्ष देवभोग, परमानंद यदु,राजेंद्र सोनी, ओम प्रकाश ठाकुर, ललित यदु, नरेंद्र सोनी, लक्ष्मण सोनी, जयराम यदु, छबि राम मांझी, कुलेश्वर यदु, सिरवाली यदु, हीराबाई यदु, बेलमतीमाझी,सुजाता यदु, उर्मिलामाझी, कुंतुला यदु, तिरोबाई यदु, रुकमणि यदु, प्रेमलता यदु, वसुला माझी, नमिता सोनी, नीलेन्द्री सोनी, जनक सुता सोनी, कालेन्द्री सोनी, जीरा बाई सिन्हा, जयंती माझी, सावेत्रि सिन्हा, सुखी निषाद, मालती निषाद शामिल हैं। नेता बनने के बाद भूल जाते कार्यकर्ताओ को भाजपा प्रवेश की वजह पूछने पर श्याम लाल सोनी एवं सूरज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में चुनाव के समय ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की पूछ परख होती है, नेता बन जाने के बाद कार्यकर्ताओं को भूल जाने की परिपाटी है। इसके विपरीत भाजपा अपने संगठन को कार्यकर्ताओं का संगठन मानती है भाजपा और भाजपा सरकार की रीति नीति से प्रभावित होकर फैसला लेने की बात कही।

#### कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा

*कांग्रेसियों के बीजेपी प्रवेश पर बिन्द्रानवागढ़*



*विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव का बड़ा बयान सत्ता के लोलुप छोड़ जाएं पार्टी, कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आस्थावान कार्यकर्ता पार्टी नहीं छोड़ते देवभोग से कांग्रेस को झटका देने वाले 31 नेताओं की बीजेपी में एंट्री के बाद अब मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव, जिन्होंने पलटवार करते हुए बड़ा बयान दे दिया है। श्री ध्रुव ने कहा कि ऐसे सत्ता लोलुप लोग कांग्रेस छोड़ भी दें, तो पार्टी को कोई नुकसान नहीं होता। कांग्रेस आज भी देश की सबसे पुरानी और जमीनी पार्टी है। ओडिशा जैसे गैर कांग्रेसी राज्यों में भी जब मैं दौरा करता हूं, तो हजारों की भीड़ समर्थन में जुटती है। और कांग्रेस पार्टी को वोट भी करती है। उन्होंने भाजपा को भी याद दिलाया कि बिंद्रानवागढ़ सीट पर 15 साल भाजपा राज कर चुकी है, लेकिन जनता ने इस बार कांग्रेस पर भरोसा जताया और मुझे जीत दिलाई अब मैं पूरी निष्ठा से जनता के हित में कार्य कर रहा हूं। जनक ध्रुव ने तल्ख लहजे में कहा की सत्ता आती–जाती है, पर आस्था डगमगाने वाले कभी सच्चे सिपाही नहीं होते।*

# विधायक रोहित साहू का जन्मदिन आज धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का जन्मदिन 9 जून को समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता धूमधाम से मनाएंगे। इसकी व्यापक रूप में तैयारी चल रही है। कार्यकर्ताओं में अपने विधायक के जन्मदिन को लेकर काफी उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। यदि कहे कि आज का यह दिन केवल एक औपचारिक जन्मदिवस नहीं,बल्कि जनता से सीधे जुड़ने और विकास की नई इबारत लिखने का अवसर बनता नजर आ रहा है तो कोई गलत नही होगा। एक ओर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह की तैयारी चल रही है वहीं दूसरी ओर विकास की सौगातों की झड़ी लगने जा रही है, जिसकी शुरूआत होगी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के भूमिपूजन और जनभागीदारी वाले आयोजन से। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मडेली में 132 केबी सब स्टेशन 86 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी मिली है। यह मंजूरी स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक रोहित साहू की विशेष मांग पर दी है। यह योजना आने वाले वर्षों में क्षेत्र की खेती-किसानी और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस बार विधायक साहू के जन्मदिवस को



जनता का उत्सव बनाने की अनोखी पहल की जा रही है। राजिम विधानसभा के विभिन्न गांवों में लगभग 20 करोड़ रुपये से अधिक के स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन आज होगा। खास बात ये है कि न अधिकारी, न मंचीय समारोह बल्कि आम जनता, भाजपा के संगठन पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष पंचायत पदाधिकारियों और कार्यकर्ता स्वयं इन कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। यह पहल राजिम में जनप्रतिनिधि और जनता के आपसी विश्वास और समर्पण का अनोखा मिसाल बनेगा। विधानसभा के हर गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिन्होंने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है उनका सम्मान, प्रेरणा भाषण, और छात्रवृत्ति/स्मृति चिह्न देकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा।






## पेज 1 के शेष...

**हाथियों के डर...**
पहुंचाया है पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ो झोपड़ियों और हजारों एकड़ फसलों को समय–समय पर चौपट भी किया है जिसकी मुआवजा वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को प्रदान भी किया गया है ,मैनपुर क्षेत्र में हाथी प्रभावित ग्राम गोबरा, गोपालपुर, दबनई, फरसरा, छिन्दौला, लुठापारा, खोलापारा, कुहलीबेड़ा, लेड़ीबहार, रामपारा सिंहार, जिड़ार, गिरहोला, दर्रीपारा, आमागुड़ा, देहारगुड़ जैसे दर्जनों ग्रामों में आए दिन हाथियों का दल पहुंचते रहता हैं, कमार जनजाति ग्रामों में ग्रामीण वर्षों से झोपड़िया में निवास करते हैं। घास फूस की बनी झोपड़िया को हाथियों का दल आसानी से तोड़फोड़ देता है लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों में अब लगातार इन दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में पक्की मकान का निर्माण किए जाने से हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के लिए यह प्रधानमंत्री आवास एक सुरक्षा कवच के रूप में काम कर रही हैं, गरियाबंद जिले में हाथियों के हमले से कई लोगों की जान जा चुकी हैं।

**पीएम आवास के...**
चौपट कर देता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य अधुरा है जिनका निर्माण कार्य चल रहा है इसके कारण सभी ग्रामीण जिसके घर के उपर पक्की छत है वहां मचान बनाए है ग्रामीणों ने बताया हाथियों के द्वारा पूर्व में पक्के मकान के दरवाजे तक को तोड़कर अंदर रखे चावल दाल व अन्य समाग्रियों को सपा चट किया जा चूका है कई लोगो की जान हाथियों के द्वारा लिया गया है जिसके कारण ग्रामीण सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री आवास के उपर मचान बना कर रात बीताने मजबूर हो जाते है लेकिन अब बारिश का दिन प्रारंभ होने वाला है ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**युक्तियुक्तकरण में...**
हुई। प्रशासन ने इन खबरों को गंभीरता से लेते हुए जांच के बाद यह कदम उठाया है।
**सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन-** प्रशासन का कहना है कि श्री मतावले ने बार-बार जिला स्तरीय समिति को गुमराह किया और भ्रामक रिपोर्टें प्रस्तुत कीं। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के तहत गंभीर लापरवाही, सत्यनिष्ठा की कमी और कर्तव्य के प्रति उदासीनता की श्रेणी में आता है। कलेक्टर कार्यालय ने स्कूल शिक्षा विभाग को भेजे गए प्रस्ताव में निलंबन और विभागीय जांच सहित कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। अब यह देखना होगा कि शासन स्तर पर इस मामले में अगली कार्रवाई कब तक होती है।

**बारोंडा स्कूल में...**
रहे। वृक्षारोपण के पश्चात छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण की शुद्धता के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़े हुए हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अवेंजर्स ग्रुप द्वारा यह प्रयास ग्राम में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। ग्रामीणों व छात्रों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे नियमित रूप से जारी रखने की बात कही।

**गांजा सप्लाई करते...**
दिगल, उम्र 40 वर्ष, निवासी कारेकम्बा, थाना फिरला, कंधमाल, उड़ीसा) के रूप में हुई। आरोपी को साइबर सेल की मदद से चिन्हित कर समक्ष गवाहों के गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। 18 मार्च 2025 को थाना गरियाबंद में दर्ज प्रकरण क्रमांक 36/2025 के तहत चार आरोपियों को मोटरसाइकिल में 30.385 किलो गांजा ले जाते पकड़ा गया था। विवेचना के दौरान इस मामले में एक अन्य सप्लायर प्रकाश खिल्लो (पिता गुरु खिल्लो, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम दुरला टिकरापारा, थाना नंदपुर, जिला कोरापुट, उड़ीसा) का नाम सामने आया। साइबर सेल की मदद से आरोपी को 2 जून 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।







